आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 29.11.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में शीतकालीन यात्रा शुरू करने के निर्देश दिए।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज भुबनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने हरिद्वार में संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संस्कृत भाषा के विकास पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के आश्रित शिशुओं के लिए प्रदेश में 168 पालना केंद्रों का उद्घाटन किया।
- और. सरकार प्रदेश में जाम की स्थिति से निपटने के लिए सड़कों के चौड़ीकरण और 182 स्थानों पर पार्किंग स्थल विकसित कर रही है।

## शीतकालीन यात्रा

प्रदेश में जल्द ही शीतकालीन यात्रा शुरू होगी। आज देहरादून में एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों में यात्रा शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को गढ़वाल मंडल विकास निगम के होटलों में ठहरने के लिए किराए में 10 प्रतिशत की छूट दिए जाने पर जोर दिया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री जल्द ही जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे जन सुनवाई के साथ ही विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही नगर निकायों व सरकारी कार्यालयों में विभिन्न व्यवस्थाओं और स्वच्छता कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। इसके लिए उन्होंने रोस्टर जारी करने के निर्देश दिये हैं।

इसके अलावा श्री धामी ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों पर पुलिस बल बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने देवभूमि उत्तराखण्ड को 2025 तक ड्रग्स फ्री राज्य बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को गहन अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं।

## अखिल भारतीय सम्मेलन

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज भुबनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, कृत्रिम मेधा और ड्रोन हमले जैसी उभरती चुनौतियों पर विमर्श होगा। साथ ही आतंकवाद से निपटने पर भी चर्चा होगी। इस सम्मेलन में कल प्रधानमंत्री भाग लेंगे।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र में अनेक लोगों के जीवन में समृद्धि लाने की क्षमता है। पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार भारत के पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक पोस्ट में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों को विकसित करने के लिए 40 परियोजनाओं को मंजूरी देने की घोषणा की है।

## दीक्षांत समारोह

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने संस्कृत भाषा के विकास पर जोर दिया है। हरिद्वार में आज संस्कृत विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत हमारी धरोहर और सभ्यता का खजाना है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और विज्ञान का समन्वय करके पूरा विश्व अनेक अनसुलझे पहलुओं को सुलझाने का रास्ता खोज सकेगा।

राज्यपाल ने कहा कि संस्कृत भाषा के माध्यम से हम अपनी ज्ञान परंपरा और मूल्यों के संवर्धन पर भी काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत को बढ़ावा देने और संस्कृत के छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए हमें बुनियादी सुविधाओं के विकास के साथ ही इसे बाजार और कॉरपोरेट जगत से भी जोड़ना होगा। समारोह में करीब 3 हजार 47 छात्र–छात्राओं को विभिन्न उपाधियां प्रदान की गईं।

ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त

प्रदेश में क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। जिसके बाद क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त कर दिए गए हैं। इसी क्रम में चंपावत जिले में भी नई पंचायतों के गठन तक प्रशासकों को जिम्मेदारी दे दी गई है। जिले के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि चारों विकास खंडों में ग्राम पंचायतों के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

## पालना केंद्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आश्रित शिशुओं के लिए प्रदेश में 168 पालना केंद्रों का उद्‌घाटन किया। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने श्रम विभाग और कर्मचारी राज्य योजना कार्यालयों को सीएसआर मद से 60 कंप्यूटर का वितरण भी किया। साथ ही केदारनाथ क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं में कार्य कर रहे 432 श्रमिकों के लिए ट्रैक सूट, जूते और खाद्य सामग्री के ट्रक को हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री ने रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन प्रयासों से श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार आ रहा है और उनकी सामाजिक स्थिति भी सशक्त हो रही है।

## पार्किंग स्थल

उत्तराखंड सरकार प्रदेश में जाम की स्थिति से निपटने के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ही 182 स्थानों पर पार्किंग स्थल विकसित कर रही है। सरकार ने पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की साल भर आवाजाही को देखते हुए यह निर्णय लिया है। ये पार्किंग स्थल मुख्य रूप से प्रमुख तीर्थ स्थलों, शहरों और पर्यटन स्थलों पर बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में विभिन्न विकास प्राधिकरणों के माध्यम से 182 स्थानों पर 15 हजार से अधिक वाहनों की पार्किंग की सुविधा तैयार की जा रही है। जिसमें से 34 स्थानों पर पार्किंग स्थल तैयार हो चुके हैं। मसूरी विकास प्राधिकरण ऋषिकेश और देहरादून में दो हजार वाहनों की पार्किंग बना रहा है। पहली बार राज्य सरकार टनल पार्किंग का विकल्प आजमाने जा रही है। इसमें पहाड़ के अंदर सुरंग बनाकर पार्किंग की सुविधा विकसित की जाएगी।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों के लिए डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्रों को प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल करने का मौका मिलेगा।

## मीडिया वन्यजीव कार्यशाला

नैनीताल के हल्द्वानी स्थित वन प्रशिक्षण संस्थान में मानव–वन्यजीव संघर्ष पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित मीडिया कर्मियों को मानव–वन्यजीव संघर्ष के बारे में विभिन्न जानकारियां दी गईं। कुमाऊं के प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धीरज पांडे ने मानव–वन्यजीव संघर्ष पर रिपोर्टिंग को बेहतर बनाने पर जोर दिया। प्रमुख वन संरक्षक ने वन्यजीवों से जुड़ी घटनाओं पर संवाद बनाए रखने और संवेदनशीलता के साथ खबरों को प्रसारित करने की अपील की।

## मानक मंथन कार्यक्रम

भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आज हरिद्वार में आयोजित ''मानक मंथन'' कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय विद्युत संहिता के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए नगर पालिका हरिद्वार के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि विद्युत सुरक्षा और मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में विद्युत उत्पादों की सुरक्षा पर प्रस्तुति देने के साथ ही वहां मौजूद लोगों को जागरूक भी किया गया। देहरादून स्थित बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण विद्युत उत्पादों के उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना है।

## मत्स्य पालन

प्रदेश सरकार किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देहरादून में पशुपालन व मत्स्य विभाग के सचिव डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम से मुलाक़ात के दौरान ये जानकारी दी। इस दौरान डॉक्टर पुरुषोत्तम ने मुख्य सचिव को हाल ही में उत्तराखंड को मत्स्य पालन के क्षेत्र में हिमालयी और उत्तर पूर्वी राज्यों में प्राप्त हुए सर्वश्रेष्ठ राज्य के पुरस्कार की जानकारी दी। गौरतलब है कि उत्तराखंड ने पिछले साल 2 हजार 600 हेक्टेयर में लगभग 70 हजार मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया गया।

## आपदा कार्यशाला

देहरादून स्थित एक निजी होटल में आपदा जोखिम न्यूनीकरण तैयारी और दीर्घकालिक पुनःप्राप्ति विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम निदेशक डॉ. मंजू पांडे ने बताया कि विभिन्न संस्थानों के विषय विशेषज्ञ भविष्य में आपदाओं से निपटने के लिए रणनीति और सामुदायिक प्रबंधन पर चर्चा कर रहे हैं। इसमें अर्ली वार्निंग सिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल हैं। डॉ. मंजू ने बताया कि कार्यशाला में इंजीनियर, वैज्ञानिक, एनजीओ, प्रोफेसर, संस्थानों के पदाधिकारी और विशेषज्ञ समेत 135 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।